राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

राष्ट्रीय सेवा योजना

Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com

Website- www.gpgcbazpur.in

पोषण जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 8 अक्टूबर 2025

आज दिनांक 8 अक्टूबर 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पोषण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस- 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनुहार आर्य की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सैनी द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में जंतु विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. अतुल उप्रेती ने स्वास्थ्य को परिभाषित परिभाषित करते हुए जीवन के विभिन्न आयु वर्ग में स्वास्थ्य के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया किस प्रकार हम अपने ही पैसा पैसा खर्च करके अपने स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं। इसके पश्चात रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. दर्शन सिंह कांबोज ने कृमि संक्रमण तथा उसके स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के प्रति जानकारी प्रदान की। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि किस प्रकार खाद्य पदार्थों के संरक्षण में प्रयोग किए जाने वाले रसायन हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं एवं उसका आदि बनाते हैं। डॉ. मनुहार आर्य ने बताया कि किस प्रकार हम अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं और घर के बने खाने की जगह हम बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों से अपने ही बच्चों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। आपने छात्र छात्राओं का आहवान करते हुए कहा कि यदि हम किसी कार्यक्रम में अथवा किसी से मिलने जाएं तो चॉकलेट या प्रोसेस्ड

प्रोसेस्ड फूड की जगह मौसमी फल या सब्जी लेकर जाएं। कार्यक्रम में डॉक्टर पंकज कुमार, डॉक्टर मनप्रीत सिंह, डॉक्टर अरुण कुमार, डॉ पूजा रानी, डॉक्टर वंदना, डॉक्टर विकास रंजन, डॉ रोहित कुमार, डॉ नितिन कश्यप, डॉ. ललित कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ मेहराज बानो, डॉ अनुराधा राणा, श्री सत्येंद्र यादव, श्री मोहन सिंह बिष्ट, श्री दिनेश कुमार, मो. फैयाज अहमद, श्री विकास, आदि के साथ-साथ खुशी शर्मा इल्मा अंसारी, शशि बाला, राजू कुमार, खुशबू, बलविंदर सिंह, आकाश सागर, जसविंदर सिंह, नीतू, शालिनी, निदा, निदा, जैस्मिन, तानिया, सोनिया, कनिष्क रानी, आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना